# INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

साखी

Name: ___________________ Date:_____________ Class: X Sec: ___

| | निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से चुनिए- |
|---|---|
| 1 | **मीठी वाणी का औरों पर क्या प्रभाव पड़ता है?**<br>(क) दूसरे क्रोधित हो जाते हैं<br>(ख) दूसरे सुख और संतोष का अनुभव करते हैं<br>(ग) दूसरे मीठी वाणी सुनकर दुखी हो जाते हैं<br>(घ) उपर्युक्त सभी |
| 2 | **कबीरदास जी कैसी वाणी बोलने की प्रेरणा देते हैं?**<br>(क) अहंकार त्यागकर मीठी वाणी बोलने की प्रेरणा देते हैं।<br>(ख) अभिमान भरी वाणी बोलने की प्रेरणा देते हैं।<br>(ग) अहंकार भरी सत्य वाणी बोलने की प्रेरणा देते हैं।<br>(घ) अहंकार त्यागकर कटु बोलने की प्रेरणा देते हैं। |
| 3 | **'मन का आपा खोने' का क्या तात्पर्य है?**<br>(क) मन का खो जाना<br>(ख) अपने आप में खोना<br>(ग) अहंकार को त्यागना<br>(घ) अहंकार को अपनाना |
| 4 | **तन के शीतल होने का क्या अभिप्राय है?**<br>(क) शरीर का ठंडा होना<br>(ख) मर जाना<br>(ग) सुख और शांति अनुभव करना<br>(घ) इनमें से कोई नहीं |

| | |
|---|---|
| 5 | **सारे संसार के सुखी होने का क्या कारण है?**<br>(क) सारा संसार वास्तविक आनंद लूट रहा है<br>(ख) सारा संसार खाने-पीने और सोने में मस्त है<br>(ग) सारा संसार प्रभु के प्रति सजग है<br>(घ) क्योंकि सभी सांसारिक सुखों को अंतिम सत्य मानते हैं |
| 6 | **कबीरदास जी किसलिए दुखी हैं?**<br>(क) वे बीमार हैं<br>(ख) उनके पास सुख सुविधाएँ नहीं हैं<br>(ग) वे प्रभु के वियोग में दुखी हैं<br>(घ) वे पत्नी के वियोग में दुखी हैं |
| 7 | **'मंत्र' का अर्थ है**<br>(क) उपाय<br>(ख) शक्ति<br>(ग) विश्वास<br>(घ) धोखा |
| 8 | **"जिवै तो बौरा होइ" का आशय है**<br>(क) जीवन नहीं रहता।<br>(ख) जीवित रहता है तो पागल जैसा हो जाता है<br>(ग) जीवित रहने पर सुखी नहीं रहता<br>(घ) मर जाता है |
| 9 | **"विरह भुवंगम' का तात्पर्य है**<br>(क) मन का मोह<br>(ख) विरह रूपी सर्प<br>(ग) राम का वियोग<br>(घ) इनमें से कोई नही |
| 10 | **बिरही मनुष्य की स्थिति कैसी होती है?**<br>(क) वह बहुत खुश रहता है<br>(ख) वह रोता रहता है<br>(ग) उस पर कोई उपाय असर नहीं करता<br>(घ) वह पागलों जैसा हो जाता है |

| | |
|---|---|
| 11 | **राम का वियोगी कौन होता है?**<br>(क) जो पूजा-पाठ करता है<br>(ख) जो राम को नहीं मानता<br>(ग) जो ईश्वर के अस्तित्व को मानता है<br>(घ) जो ईश्वर को पाने के लिए हर प्रकार का प्रयास करता है |
| 12 | **कुंडलि का अर्थ है**<br>(क) नाभि<br>(ख) छंद<br>(ग) मृग<br>(घ) मन |
| 13 | **कस्तूरी क्या है?**<br>(क) सुगंधित द्रव्य जो मृग की नाभि में पाया जाता है।<br>(ख) सुगंधित तेल जो दुकानों पर मिलता है।<br>(ग) कस्तूरी एक वृक्ष का नाम है।<br>(घ) इनमें से कोई नहीं |
| 14 | **राम और कस्तूरी में क्या समानता है?**<br>(क) दोनों तरल पदार्थ हैं।<br>(ख) दोनों सुगंधित हैं।<br>(ग) दोनों वन में रहते हैं।<br>(घ) दोनों भीतर स्थित हैं। |
| 15 | **'घटि-घटि राम है' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है?**<br>(क) राम घटता रहता है<br>(ख) परमात्मा हर मनुष्य के हृदय में निवास करते हैं<br>(ग) परमात्मा घड़े में निवास करते हैं<br>(घ) इनमें से कोई नहीं |
| 16 | **'अषिर' का क्या अर्थ है?**<br>(क) शब्द<br>(ख) पंक्ति<br>(ग) पुस्तक<br>(घ) अक्षर |

| | |
|---|---|
| 17 | **हमें ज्ञान कैसे मिलेगा?**<br>(क) किताब पढ़कर<br>(ख) ईश्वर प्रेम का एक अक्षर पढ़कर<br>(ग) किताब लिखकर<br>(घ) इनमें से कोई नहीं |
| 18 | **कवि ने अपना घर क्यों जलाया?**<br>(क) घर अच्छा नहीं था<br>(ख) घर छोटा था<br>(ग) दूसरा घर बनाने के लिए<br>(घ) विषय-वासना समाप्त करने के लिए |
| 19 | **कवि कैसा प्रकाश फैलाना चाहते हैं?**<br>(क) ज्ञान का<br>(ख) घृणा का<br>(ग) दिये का<br>(घ) इनमें से कोई नहीं |
| 20 | **साक्ष्य का क्या अर्थ है ?**<br>(क) साक्ष्य ज्ञान<br>(ख) सांसारिक ज्ञान<br>(ग) प्रत्यक्ष ज्ञान<br>(घ) मायावी ज्ञान |

**समाप्त**